एस0 के0 माहेश्वरी
I.A.S. (Retd.)
परियोजना निदेशक, विद्याज्ञान

ए–5, सैक्टर–24, नौएड़ा
जनपद–गौतम बुद्ध नगर, (उ0प्र0)
ई–मेलः maheshwari.surendre@gmail.com
विद्याज्ञान वेबसाइटः www.vidyagyan.in/admissions

पत्रांक संख्या : विद्याज्ञान / 2021–22 /

दिनांकः 25.04.2022

ओ.एम.आर. शीट का यूनीक नम्बर :

परीक्षार्थी का नामः

विषयः विद्याज्ञान स्कूल अकादमिक वर्ष–2022–23 में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आयोजित मुख्य परीक्षा हेतु सूचना।

महोदय / महोदया,

विद्याज्ञान स्कूल में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु 10 अप्रैल, 2022 को आयोजित प्रारम्भिक लिखित परीक्षा के मूल्यांकन के उपरान्त अभिज्ञात किये गये सर्वोच्च अंक प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों के मध्य मुख्य परीक्षा इस पृष्ठ के पीछे संलग्न विवरण (पहुँच मार्ग का मानचित्र आदि संलग्न) के अनुसार नियत परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं नियत समय पर आगे वर्णित तैयारी के साथ अपने होनहार को पहुँचा कर मुख्य परीक्षा 2022–23 में सम्मिलित कराने का कष्ट करें।

2. मुख्य परीक्षा ''आन लाइन'' (कम्प्यूटर के माध्यम द्वारा डिजीटल रूप में) परीक्षा के रूप में होगी। आपको यह परामर्श भी दिया जाता है कि कृपया परीक्षार्थी के परीक्षा कक्ष में पहुँचने से पूर्व संलग्न 'आन लाइन परीक्षा 'मार्ग–दर्शिका' तथा विद्याज्ञान वेबसाइट पर उपलब्ध विडियो एवं निर्देशों का गहन अध्ययन अवश्य कर लें जिससे परीक्षार्थी में आत्म विश्वास जागृत हो सकेगा। इस पत्र में अंकित उपरोक्त 'ओ.एम.आर. शीट के यूनीक नम्बर' के आधार पर ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश प्राप्त हो सकेगा।

3. मुख्य परीक्षा ''आन लाइन'' (कम्प्यूटर के माध्यम द्वारा डिजीटल रूप में) परीक्षा के रूप में होगी। परीक्षा प्रक्रिया अर्न्तगत सम्पूर्ण प्रश्न पत्र विषयवार 4 खण्डों में विभाजित होगा और प्रत्येक प्रश्न के एक से अधिक सम्भावित उत्तर के विकल्प होगें और परीक्षार्थी को उन में से चयन कर सही उत्तर कम्प्यूटर पर 'माउस' की सहायता से देना है। परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व डिजीटल परीक्षा का 'डेमो' (प्रदर्शन) भी परीक्षार्थी को अपनी सीट पर ही अभ्यास हेतु उपलद्ध होगा।

4. **अनिवार्यता**–(अ) आवेदक एवं अभिभावक (प्रत्येक के नाम सहित) के साथ आवेदक के आवास की पृष्ठभूमि में लिया गया फोटो की छाया प्रति, राजस्व विभाग द्वारा अभिभावक के पक्ष में निर्गत आय तथा स्थायी निवास प्रमाण–पत्र की छाया प्रति, आवेदक के आधार कार्ड की छाया प्रति, अध्ययनरत विद्यालय के कक्षा 3, 4 तथा 5 के परीक्षाफल की छायाप्रति, शिक्षा विभाग द्वारा निर्गत आयु संबंधी प्रमाण–पत्र की छाया प्रति को मुख्य परीक्षा से पूर्व ही विद्याज्ञान परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से जमा किया जाना है।

(ब) कोविड (कोरौना) अनुरूप व्यवहार हेतु मास्क पहन कर आना अनिवार्य है तथा प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थी का तापमान परीक्षण के उपरान्त ही परीक्षा कक्ष मे प्रवेश की अनुमति प्रदान की जायेगी।

5. मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यार्थी एवं अभिभावक में से एक (माता अथवा पिता) द्वारा लिखित परीक्षा केन्द्र मुख्यालय तक की गयी यात्रा के लिए आने–जाने का बस / रेल का साधारण किराया शिव नाडर फाउंडेशन द्वारा अभ्यार्थी के अभिभावक के सेविंग बैंक खाते में हस्तांतरण द्वारा भुगतान कर दिया जायेगा। अतः बैंक में धनराशि हस्तांतरण हेतु बैंक के सेविंग बैंक खाता सम्बंधी विवरण (संलग्नक प्रारूप पर) अभ्यार्थी के अनुक्रमांक / ओ.एम.आर. शीट नम्बर सहित साथ में लाना अनिवार्य है।

इस संबंध में अन्य जानकारी विद्याज्ञान के टोल फ्री नं0 **1800–102–1784** से भी ज्ञात की जा सकती है।

संलग्नक : 1. आन लाईन डिजीटल प्रक्रिया सम्बंधी मार्ग–दर्शिका तथा निर्देश।
2. यात्रा व्यय धनराशि का भुगतान सम्बंधी प्रारूप।

भवदीय,

(एस0 के0 माहेश्वरी)
परियोजना निदेशक